ग्रीन ग्रोथ – हैप्पी सोसाइटी, हरियाली से खुशहाली

जयपुर, 13 जुलाई (प्रभात अभिनन्दन न्यूज)। मित्राय बी ह्यूमन फाउंडेशन संस्था के तत्वाधान में आम, नीम, कदंब, जामुन, मौलश्री, कचनार,पीपल, बरगद, , अशोक और बीलपत्र के पौधे लगाए ओर तुलसी के पौधे वितरण किए गए पौधारोपण अभियान में आज सुबह 10 बजे जगतपुरा आशादीप वेदांता अपार्टमेंट में,पास में ही मोक्ष द्वार ओर मंदिर पार्क में पौधारोपण किया। सोसाइटी ओर कॉलोनी में सब लोगों ने मिलकर आसपास पौधे लगाए साथ में शपथ ली की मैं और मेरी फैमिली हर एक पेड़ की समय-समय पर पानी देना ,खाद देना और देख- रेख करेंगे सोसाइटी में सब ने एकजुट का संदेश दिया और पर्यावरण डेवलपमेंट के साथ स्वच्छ एनवायरनमेंट के लिए पेड़ लगाए!

मित्राय संस्था के संस्थापक डॉक्टर विनीत शर्मा ने बताया कि संस्था अब तक पूरे राजस्थान में 55 हजार पौधे लगा चुकी है। इस दौरान संस्था संस्थापक और योगगुरु रश्मि शर्मा, संरक्षक सदस्य बीपी शर्मा (सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता), संदीप सारस्वत (एएसपी एसीबी) और आईआरएस सोनिया महाजन ने लोगों को पेड़ और पर्यावरण के बारे में जागरूक किया।

वर्तमान समय में पृथ्वी की रक्षा मानवता के समक्ष एक गंभीर चुनौती हैः सुराणा

चूरू कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले के ढाढर में मिशन हरियालो राजस्थान अंतर्गत किया पौधारोपण

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चूरू, 13 जुलाई (राजेन्द्रसिंह शेखावत)। चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने रविवार को जिले के ढाढर ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ढाढर कर्मचारी सहयोग, विकास एवं सेवा समिति तथा विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मिशन हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम पृथ्वी और परिवेश के लिए संकल्पित रहें। वर्तमान समय में पृथ्वी की रक्षा मानवता के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों

के संरक्षण व संवर्धन दिशा में समन्वित प्रयास करने होंगे। परिवेश का प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण के लिए अपने दायित्वों को समझे तथा उनका समुचित निर्वहन करे।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि संतुलित मानव विकास के लिए हमें अपनी पर्यावरणीय जिम्मेदारी को समझना होगा। उन्होंने पौधों की नियमित देखभाल की जम्मिदारी ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार को सौंपते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर यादराम कस्वां, प्रधानाचार्या प्रियंका चौधरी व ग्रामीणों ने जिला कलक्टर का साफ़ा पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में 625 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान ईश्वरराम कस्वां, हरिश चन्द्र, शिवभगवान, भंवरलाल, चिमनाराम कारेल, बजरंगलाल कस्वां, धीरसिंह, मनीराम कस्वां, रूपचंद शर्मा, सुखाराम स्वामी, फूलाराम कस्वां, शुभकरण पूनिया, ओमप्रकाश, विजयपाल, दीपचंद, मनोज खारडिया, सुनील खारडिया, नेतराम, केशराम, लीलाराम नायक, डूंगराम, खेमचंद कस्वां, इन्द्र कस्वां, सुभाष कस्वां, हनुमान प्रजापत, लूणाराम, नरेंद्र जांगिड, बिजू पडगड, शिशुपाल कस्वां, किशनाराम, बाबूलाल, रामलाल, काशीराम सिहाग, नंदलाल कस्वां, मनालाल डिलर, ज्ञानाराम नट, श्याना कस्वां, राजबाला कस्वां सहित अन्य ग्रामीणों, विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। संचालन प्रेमचंद वर्मा ने किया।

नारायण समूह ने रिकॉर्ड तोड़ 51 करोड़ की छात्रवृत्ति और पुरस्कारों के साथ NSAT 2025 का 20वां संस्करण लॉन्च किया

नई दिल्ली,डॉ. पी. प्रमिला (राष्ट्रीय शैक्षणिक निदेशक) 46 वर्षों के शैक्षणिक अनुभव के साथ भारत के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान, नारायण समूह ने 8 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जेपी वसंत कॉन्टिनेंटल होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में नारायण स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट **(NSAT)** 2025 के 20वें संस्करण का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। यह आयोजन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि नारायण अपने अब तक के सबसे बड़े और सबसे महत्वाकांक्षी ह्स्झ संस्करण के साथ लौटा है, जिसमें अभूतपूर्व 50 करोड़ की छात्रवृत्ति और 1 करोड़ के नकद पुरस्कार शामिल हैं।

भारत भर में शैक्षणिक प्रतिभाओं को पोषित करने के चार दशकों के बाद, **NSAT** 2025 युवा प्रतिभाओं के लिए शैक्षिक अवसरों को बढ़ाने के लिए नारायण की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। 20वां संस्करण समूह की विस्तारित पहुँच और उन्नत क्षमताओं को प्रदर्शित करता है, जो अब 23 भारतीय राज्यों के 250 से अधिक शहरों में 900 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में सालाना 6,00,000 से अधिक छात्रों को सेवा प्रदान कर रहा है।

उद्घाटन समारोह को शैक्षिक समुदाय से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें प्रख्यात शिक्षाविद, मीडिया प्रतिनिधि, अभिभावक, छात्र और नारायण समूह के अधिकारी इस ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बनने के लिए एकत्रित हुए।

डॉ. पी. प्रमिला (राष्ट्रीय शैक्षणिक निदेशक), श्याम भूषण (राष्ट्रीय प्रमुख – कोचिंग सेंटर) और राकेश कुमार यादव (उपाध्यक्ष एवं प्रोडिजी प्रमुख) की उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम की टैगलाइन, आइए छात्रों के भविष्य को आकार दें – साथ मिलकर!, शिक्षा के प्रति नारायण के सहयोगात्मक दृष्टिकोण को पूरी तरह से दर्शाती है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता की खोज में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और व्यापक समुदाय को एक साथ लाती है।

आदित्य भारद्वाज अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन महासंघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त

गंगापुर सिटी, मदन मोहन गर्ग। अखिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ के मुख्य संरक्षक डॉ.अनंत शर्मा के आदेश अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष योगेश पालीवाल की अनुशंसा पर उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रमुख समाजसेवी,व्यवसायी आदित्य भारद्वाज को सवाईमाधोपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि समाजसेवी आदित्य भारद्वाज विगत 10 वर्षों से सवाईमाधोपुर ग्रामीण उपभोक्ता संस्थान के अध्यक्ष एवं देश के सबसे बड़े उपभोक्ता संगठन,सीसीआई के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार वैष्णव के साथ उपभोक्ता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक उपभोक्ताओं को जागरूक करने में सक्रिय रहे हैं,समाजसेवी,व्यवसायी आदित्य भारद्वाज के सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष बनने पर वरिष्ठ शिक्षाविद व उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े हुए बच्चू लाल गर्ग,परेश पालीवाल,जितेंद्र जैमिनी, सुरेश शर्मा,हरफूल बैरवा, गोविंद नारायण शर्मा,रामेश्वर गुर्जर,रामसिंह मीणा सहित स्थानीय उपभोक्ता संगठनों ने प्रसन्नता करते हुए कहा कि भारद्वाज के जिला अध्यक्ष बनने से गंगापुर सिटी सहित उपभोक्ता आंदोलन में और गति आएगी एवं ग्रामीण क्षेत्र तक उपभोक्ताओं को कानून एवं अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित केकड़ी दौरे की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

जनता का प्यार मिला, अब सेवा और विकास मेरी जिम्मेदारीः विधायक शत्रुघ्न गौतम

केकडी, 13 जुलाई (प्रभात अभिनन्दन न्यूज)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगामी 22 जुलाई को प्रस्तावित केकड़ी दौरे और विधायक शत्रुघ्न गौतम के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले विविध उद्घाटन कार्यक्रमों और रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर आज नगर पालिका सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों और भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि, केकड़ी क्षेत्र की जनता ने मुझे अपार स्नेह और समर्थन दिया है, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूं। विधायक गौतम ने पिछली कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अधूरी इमारतों और बिना वित्तीय स्वीकृति के सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कराया, जिससे जनता को असुविधा हुई। उन्होंने बताया कि विधायक बनने के बाद उन्होंने क्षेत्र में आधारभूत ढांचे विशेषकर सड़क विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने विशेष रूप से नसीराबाद-देवली मार्ग और जयपुर-भीलवाड़ा रोड की चर्चा करते हुए बताया कि इन सड़कों के निर्माण हेतु बजट की घोषणा मुख्यमंत्री ने उनके पिछले जन्मदिन पर की थी, और अब मुख्यमंत्री स्वयं 22 जुलाई को इनका शिलान्यास करेंगे। प्रमुख घोषणाएँ और कार्यः नसीराबाद-देवली मार्ग को दो भागों में विभाजित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू की गई है।

लायंस क्लब द्वारा तुलसी के 101 पौधे वितरण

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 13 जुलाई (दीपांकुर चौहान)। केकड़ी लायंस क्लब केकड़ी द्वारा घंटा घर धनलक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक स्टोर पर तुलसी माता के 101 पौधे वितरण किए।

लायंस क्लब के सदस्यों ने ज्यों ही तुलसी के पौधे वितरण करना शुरू किया बड़ी उमंग और उत्साह से जानकारी प्राप्त होते ही तुलसी के पौधे प्राप्त करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। एक एक करके 101 पौधे वितरण किए गए। लायंस क्लब केकड़ी अध्यक्ष लायन निरंजन चौधरी, सचिव भागचंद मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष विनय पांड्या, लायन एस एन न्याती, सीमा चौधरी, अनिल दत्त शर्मा, राकेश जैन, चंद्रप्रकाश दुबे, मुरारी गर्ग, रवि कारिहा, गजानंद गेरोटिया, कमल भगतानी, संजय जैन, अरविन्द नाहटा, एवं जगदीश फतेहपुरिया, पुरुषोत्तम गर्ग सहित कई लोग उपस्थित थे।

वर्ल्ड एक्सपो 2025 ओसाकाः नमस्ते अभिवादन से हर्षित हुए जापानी

चिनाब ब्रिज से होकर गुजरती वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुए मोहित

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

ओसाका। जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 के इंडिया पवेलियन – भारत में रेल सप्ताह का अंतिम दिन है, और मैं एक ऐसे स्वप्निल क्षण में खड़ा हूं – जहाँ अंतरराष्ट्रीय सराहना और सांस्कृतिक भावनाएं साझा बह रही हैं। मैं केवल भारतीय इंजीनियरिंग और नवाचार के उत्सव का हिस्सा नहीं हूं, बल्कि राष्ट्रों के बीच एक आत्मीय जुड़ाव के अनुभव को भी साझा कर रहा हूं। ओसाका के यूमेशिमा द्वीप की घुमावदार सड़कों पर, जहाँ यह भविष्यवादी एक्सपो आयोजित किया गया है, दुनिया दुनिया के 150 देशों से अधिक के उत्साहित दर्शक पहुँच रहे हैं – विशेषकर जापानी जनमानस, जिन्होंने भारत पवेलियन को, और विशेष रूप से भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी को, अपनी ज़रूरी यात्रा का हिस्सा बना लिया है।

ओसाका में रहने वाली विश्वविद्यालय की छात्रा अकीको तनाका ने वंदे भारत के सामने पोज देते हुए कहा कि मुझे नहीं पता था कि भारत में इतनी तेज ट्रेनें भी चलती हैं! यह बहुत सुंदर है। और फिर ट्रेन की सीटी जैसी आवाज निकालकर मुस्कराते हुए कहती हैं, नमस्ते! थोड़ा आगे, लोगों की भीड़ उस मिनिएचर मॉडल के चारों ओर जमा है – जो दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज है। कुछ लोग तो इसकी अलग-अलग एंगल से फोटो खींचने के लिए नीचे झुक जाते हैं। नागोया के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर बताते हैं, यह एक संरचनात्मक चमत्कार है और यह हिमालय में बना है – यह अविश्वसनीय है।

लोहे में बुनी कहानियाँ- देश को एकसूत्र में पिरोती भारतीय रेल

इंडिया पवेलियन – भारत का रेलवे खंड केवल मशीनों की प्रदर्शनी नहीं है – यह एक जीवंत कथानक है। यह उस सिस्टम की कहानी है जो हर दिन 2.3 करोड़ लोगों को उनके गंतव्य तक ले जाती है – और यह कहानी दिखती है ऑगमेंटेड रियलिटी, इमर्सिव प्रोजेक्शन और वर्चुअल टूर के जरिए – जो भारत के पहाड़ों, मैदानों, जंगलों और रेगिस्तानों से होकर गुजरती है। इस कड़ी में, हिमालय की पहाड़ियों में एक उफनती नदी के ऊपर 359 मीटर ऊँचाई पर खड़ा चिनाब ब्रिज, केवल वास्तुकला का अजूबा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस प्रदर्शनी का एक और आकर्षण है – अंजी खड्ड ब्रिज – कश्मीर के कठिन भूभाग में बना यह भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल है।

गर्व और खोज की साझी अनुभूति

वर्ल्ड एक्सपो में, जो मैं देख रहा हूँ, वह केवल अवसंरचना की प्रदर्शनी नहीं है; यह आपसी गर्व और खोज की एक साझी अनुभूति का क्षण है।

चौमूं के मुख्य बाजार में बेसहारा पशुओं और गंदगी से जूझ रहा शहर, राहगीरों को हो रही परेशानी

चौमूं । चौमूं शहर के मुख्य बाजार में इन दिनों बेसहारा पशुओं का जमावड़ा और जगह-जगह लगे कचरे के देर के कारण आमजन को काफी परेशानी हो रही है। मुख्य बाजार की सड़कों पर बैठे हुए पशुओं से एक ओर आमजन की आवाजाही में बाधा बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। दुकानों के बाहर बैठे पशु ग्राहकों को आने-जाने में परेशान कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है।

अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे और गुमराहा करने वाले अभियानों से दूर रहेंः विजय वाधवा - माइक्रो फाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (MFIN)

सीकर, 13 जुलाई (वेब वार्ता)। माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क **(MFIN)** (जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्राप्त **NBFC - MFI** के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक स्व नियामक संगठन है) द्वारा सीकर जिले के रंग महल रेस्टोरेंट, जयपुर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, में माइक्रो फाइनेंस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वित्तीय मामलों की बेहतर समझ प्रदान करना था। इसमें शामिल थी।

श्री विजय वाधवा, रीजनल हेड – **MFIN** ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा, वित्तीय साक्षरता किसी भी व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम लोगों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगे । उन्होंने बताया कि सीकर जिले में कुल 54 माइक्रो फाइनेंस कम्पनियां कार्यरत है, ये सभी माइक्रो फाइनेंस कम्पनियां **RBI** द्वारा रेगुलेटेड होती है। **MFIN** ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि ग्राहक को किसी भी तरह के शिकायत हो तो लोन कार्ड में दिए गए ग्राहक शिकायत निवारण फ़ोन नंबर पर अपना शिकायत दर्ज करवाएं, आप **MFIN** के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके भी अपना शिकायत दर्ज करवाकर अपना - अपना समाधान करवा सकते हैं । दिनांक 10 -0। -2025 को जिले के रंग महल रेस्टोरेंट, जयपुर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एम. एल. मीणा, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, श्री नन्द लाल, जिला अग्रणी प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, श्री अभिनव लाम्बा, वरिष्ठ प्रबंधक, जिला अग्रणी प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, श्री धर्मेन्द्र सारंगी – मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ोदा, श्री हरी प्रभु, मुख्य प्रबंधक, स्टेट बैंक इंडिया, श्रीमती सुमन चाहर, डी. सी. ओ., केनरा बैंक, श्रीमती, दीप्ति कुलश्रेष्ठ, रीजनल मेनेजर, राजस्थान ग्रामीण बैंक, श्री देवेन्द्र शर्मा, शाखा प्रबंधक, एक्सिस बैंक, श्री नरेश कुमार शर्मा, शाखा प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक और मिडलैंड माइक्रोफ़िन लिमिटेड से श्री नरेन्द्र सिंह, रीजनल मेनेजर, श्री अमित मालिक, डिविजनल मैनेजर एवं टीम सदस्य उपस्थित रहे, साथ ही वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत रूप से व्याख्यान दिए।

अरविन्द यादव बने जिला प्रवक्ता

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमू , 13 जुलाई (का.सं.)। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर तथा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की अनुशंसा पर जिला देहात उत्तर अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने चौमू निवासी अरविन्द यादव को जयपुर जिला देहात उत्तर का प्रवक्ता नियुक्त किया है। इससे पूर्व यादव कालाडेरा आर एल सहारिया कॉलेज से छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर भी रह चुके है।

धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' की नकली व झूठी बैसाखियों का सहारा कांग्रेस ने लिया सहाराः केशव

लखनऊ, 13 जुलाई (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद इन दिनों काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वह सपा मुखिया अखिलेश के हर तंज का जवाब दे रहे हैं। साथ ही वह कांग्रेस पर भी पलटवार कर रहे हैं। केशव ने एक बार फिर सपा को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश पर लंबे समय तक राज करने की मंशा से 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' जैसे शब्दों का सहारा लिया था।

कारगिल विजय दिवस पर समारोह का होगा आयोजन

75 प्रतिभाओ का 25 राष्ट्रो के सानिध्य में होगा ''विजय श्री अवार्ड''

जयपुर, 13 जुलाई (प्रभात अभिनन्दन न्यूज)। अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच कार्यालय में भारत की शक्ति, भारत की प्रतिष्ठा, भारत के पंचशील सिद्धान्त को वैश्विक स्तर पर बढाने एंव कारगिल विजय दिवस समारोह में 25 राष्ट्रों (भारत, नेपाल, भुटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएटिया, फिनलैण्ड़, तुनिशियाँ, जर्मनी, ईराक, इजराईल, मैकड़ोनिया, मोरक्को, नीदरलैण्ड़, नाईजीरिया, नार्वेजियन, रोमानिया, रायल ड़ेनिश, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिजस्तान, फिलस्तीन, फिजी) के राष्ट्र ध्वजो के सानिध्य में समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमाण्डौ ने बताया कि 25 राष्ट्रो के राष्ट्र ध्वजो के सानिध्य में ''विजय श्री अवार्ड'' प्रतिभाओ में डॉ. कैलाश चन्द मीणा इंस्पेक्टर सहकारिता विभाग,राजस्थान सरकार जयपुर , श्री लोकेश चंद्र पारख वरिष्ठ सरक्षक एंव कोषाध्यक्ष व्यापार मंडल उदयपुर, श्री बजरंग लाल शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत ईटावा, रेनवाल जयपुर, श्री रोहिताश्व सिंघल सहायक प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी एंव संचार विभाग कोटा, श्रीमती आशा डामोर अध्यक्ष रायना विकास सेवा संस्थान डुॅगरपुर, श्रीमती सागर बुनकर सी. एल. एफ. अध्यक्ष राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद बासवाड़ा, श्री रामचन्द्र यादव सचिव नई ढाणी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि. धिनोई चौमू जयपुर, श्री हसमुख पटेल प्रदेश अध्यक्ष यूवा अखिल भारतीय जसवाल सागवाड़ा, श्री अरविन्द कुमार शर्मा व्यवस्थापक ग्राम सेवा सहकारी समिति ग्राम जाड़ला, कठूमर जिला अलवर, श्री लक्ष्मण सिंह रावत सचिव/अध्यक्ष सरस डेयरी/रा. उ. मा. वि. (शाला विकास समिति) लामाना पीसांगन अजमेर, श्री महावीर प्रसाद वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय विराटनगर जयपुर, डॉ. टेक चन्द भण्डारी पी ई टी (रिटायर) राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल भराडु जिला मंडी हिमाचल प्रदेश, डा0 तपन काकती अध्यक्ष इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी उत्तराखण्ड, डा. रोहित माडेवार प्रदेश उपाध्यक्ष विमुक्त भटके आघाड़ी भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र, डॉ. अशोक कुमार अजाद प्रिंसिपल अखिल भारतीय संस्कृत हिन्दी विद्यपीठ, खम्हार, बेगुसराय बिहार, श्री खुशनन्दन मंडल प्रद्यानाध्यापक आदर्श मध्य विद्यालय खरपट्टी सीतामढ़ी, श्रीमति मान कँवर करण समाज सेवीका रायथल तह. मांगरोल जिला बांरा राज., श्री शान्तिनाथ जोशी प्रधानाचार्य राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, भाणेकागॉव श्रीकोलायत बीकानेर, श्री रामस्वरूप शर्मा अतिरिक्त कोषाधिकारी राजस्थान सरकार चूरू, श्री सोमरत्न आर्य वाइस चैयरमेन रेड क्रॉस अजमेर, श्री राजन सरदार अध्यक्ष अमृत ग्रुप मालवीय नगर जयपुर, श्रीमती संगीता देवी मीणा सरपंच ग्राम पंचायत पाल पंचायत समिति धमोतर प्रतापगढ़, श्री अमरचंद बैरवा सरपंच, ग्राम पंचायत अतैवा, पंचायत समिति करौली, श्री अजय पाण्डेय समाज सेवी लखनऊ, उत्तर प्रदेश, महंत भारत भूषण जोशी पीठाधीश्वर श्री रुद्राणी महाकालिका शक्तिपीठ धाम – खैरवाडा उदयपुर, श्री महेंद्र राज लूनावत समाज सेवी सिद्धि विनायक रतन जोधपुर, श्री जितेन्द्र कुमार मीना सहायक औषधि नियत्रंक कमिश्नरेट, खाद्ध सुरक्षा एंव औषधि नियंत्रण राजस्थान सरकार, डॉ. आर. सी. यादव अध्यक्ष रोटी बैंक बानसूर, श्री गिरीश लाल माथुर चैयरमेन नव शिक्षा समाज जोधपुर, डॉ. एस के. सरकार निदेशक सरकार क्लिनिक सराफा बजार अलवर, श्री सुरेश पूनिया सचिव वस्त्र व्यापार संघ चिड़ावा, श्री गोपेश शर्मा अध्यक्ष वृक्ष मअमृतम सेवा संस्थान उदयपुर, श्री नीरज कुमार सैनसंयोजक संकल्प हरियाली समिति कोटपूतली बहरोड़, हाजी अब्दुल सलाम सक्रिय कार्यक्रर्ता भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी, श्री रामनारायण चौधरी प्रगतिशील किसान कृषि फार्म प्रगतिशील किसान ग्राम बसेड़ी जिला जयपुर, श्री प्रीतम सिंह समाज सेवी बजरंग इंवेट ग्रुप ब्यावर, डॉ. जयाकान्त बीवाल एडवोकेट अपर लोक अभियोजक रतनगढ़ जिला-चुरू, श्री राजेन्द्र कुमार सेठिया अध्यक्ष टॅाडगढ़ मंदिर ट्रस्ट राजसमन्द, का सम्मान किया जाएगा।

pnb Housing Finance Limited — Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क — अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः **www.pnbhousing.com**
भिवाड़ी शाखाः– ए–10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाईपास, भिवाड़ी–301019, राजस्थान

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फ़ाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/BHI/0220/775368, बी.ओ.: भिवाड़ी, सतबीर सिंह/श्रीमती बबीता एवं श्री मनीष कुमार	13.06.2024 तक रु. 13,29,443.20	भौतिक कब्जा	ब्लॉक एफ, फ्लैट नंबर 408, वंशिका होम्स, खसरा नंबर 18 19 35 50 55 59 1417/63 66 गांव, द–तिजारा, जिला–अलवर, राजस्थान–301019, भारत माप 528 वर्ग. फुट.	रु. 762000	रु. 76200	29.07.2025	रु. 10000	21.07.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	30.07.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known
HOU/BHI/0719/731000,NHL/BHI/0623/1124382, बी.ओ.: भिवाड़ी, चन्द्रशेखर शर्मा/देवकी देवी	09.05.2024 तक रु. 13,69,067.68	भौतिक कब्जा	फ्लैट नं 111, टावर एल1, आनंद लोक, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान, भिवाड़ी राजस्थान–301019, अलवर,भारत	रु. 551000	रु. 55100	29.07.2025	रु. 10000	21.07.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	30.07.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known
HOU/BHI/0617/401897, बी.ओ.: भिवाड़ी, सुनीता देवी/बच्चू सिंह	06.06.2024 तक रु. 600439.91	भौतिक कब्जा	101,1, टावर ई–13, बीडीआई आनंद, गांव झिवाना और खातीवास, तहसील तिजारा, जिला–अलवर, राजस्थान, अलवर, राजस्थान, भारत–30500	रु. 341000	रु. 34100	29.07.2025	रु. 10000	21.07.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	30.07.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फ़ाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। 4. **मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरूग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट–**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **रवि कुमार, दीपक शाह, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : भिवाड़ी, दिनांक : 14.07.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः **yuvrajsinghh@gmail.com** पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08